राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद जी की जयन्ती के अवसर पर आज राजभवन में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए अपना नमन निवेदित किया

पटना, 03 दिसम्बर 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद की जयन्ती के अवसर पर आज राजभवन में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए अपना नमन निवेदित किया।

इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल श्री चौहान ने देशरत्न डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद के जीवनादर्शों एवं संदेशों से प्रेरणा ग्रहण करते हुए सभी देशवासियों एवं बिहारवासियों से राष्ट्रीय नव–निर्माण में योगदान करने का अनुरोध किया।

कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री चैतन्य प्रसाद सहित राजभवन के सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने भी देशरत्न डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपनी श्रद्धा निवेदित की।

....